हरिभूमि
नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 15 अक्टूबर 2026
[नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी]

04 मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के लाखों हेक्टेयर कृषि क्षेत्र को मिलेगा ...



08 दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए घर पहुंचकर प्रदान की...



अनुभूति की ताल पर थिरका शहर, हरिभूमि फैमिली गरबा का हुआ रंगारंग शुभारंभ

तीन दिनों तक भक्ति, परंपरा, संगीत और उत्साह के रंग में रंगेगा शहर, भव्य आयोजन को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह, आज आएंगे गौतम त्रिपाठी

अनुभूति

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नवरात्रि की पावन उमंग, मां दुर्गा की आराधना, पारंपरिक गरबा की थाप के साथ हरिभूमि अनुभूति फैमिली गरबा सीजन-5 का भव्य शुभारंभ बुधवार को हुआ। दूधिया रोशनी के बीच रंग बिरंगे परिधानों से सजी मातृशक्ति ने गरबे के उल्लास को बढ़ा दिया। गरबे का शुभारंभ सांसद दर्शन सिंह चौधरी, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, वरिष्ठ भाजपा नेता विश्वनाथ सिंघल, नगर पालिका सभापति राकेश जाधव भाजपा मण्डल अध्यक्ष राहुल चौरे, नपा जल सभापति गीता देवेन्द्र पटैल, योगेन्द्र सिंह राजपूत, हेमा पुरोहित, कविता साहू सहित अन्य लोगों की मौजूदगी में किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि सहित अन्य लोग शामिल हुए। गरबा उत्सव रात्रि 10 बजे तक जारी रहा।

द पार्क क्लब एंड रिसॉर्ट, इटारसी में अनुभूति गरबा कार्यक्रम में सांसद दर्शन सिंह चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने मां दुर्गा की पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान सांसद ने कार्यक्रम को लेकर कहा कि गरबे का आयोजन मां की भक्ति का ही एक प्रकार है। जिससे मां प्रसन्न होकर सभी भक्तों पर आशीर्वाद की वर्षा करती है।

मां दुर्गा की पूजन के साथ सांसद ने किया शुभारंभ



दमदार साउंड, आकर्षक रोशनी ने किया झूमने को मजबूर, भक्ति गीतों से सजी गरबे की रंगीली शाम

शानदार संगीत, गरबा की पारंपरिक धुनों, दमदार साउंड और आकर्षक रोशनी के बीच सैकड़ों कदम एक साथ थिरके। सारा वातावरण अपने आप में उत्सव की जीवंत तस्वीर बन गया। आयोजन को केवल देखने योग्य नहीं, बल्कि दिल से महसूस करने योग्य बनाने वाली विशेष शाम रही। आयोजन आज भी होगा।

एंकर, डीजे जॉकी और गरबा का जबरदस्त संगम

अनुभूति फैमिली गरबा में पहले दिन मनोरंजन और उत्साह का खास संगम देखने को मिला। प्रॉपर एंकरिंग, डीजे जॉकी की मौजूदगी, ऊर्जावान संगीत और गरबा के रंग में रंगे मंच ने आयोजन की रौनक को और बढ़ दिया। प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाने से लेकर पूरे कार्यक्रम को व्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ाने तक, हर पहलू को ध्यान में रखा गया। आयोजन की खासियत यह रही कि यहां युवाओं के उत्साह के साथ परिवारों की सहजता और बच्चों की खुशियों को भी महत्व दिया गया।

सांसद का किया सम्मान...



कार्यक्रम के आयोजन अवसर पर आयोजक भूपेन्द्र विश्वकर्मा ने सांसद दर्शन सिंह चौधरी का पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। इस दौरान सांसद को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं भी दी।

मां की हुई आराधना





कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर भाजपा नेता विश्वनाथ सिंघल, रौनक सिंघल, बृजेश अग्रवाल, विवेक चांडक ने माता जी का पूजन किया।

जमकर थिरके प्रतिभागी

अनुभूति गरबे के इस कार्यक्रम में शानदार साउंड व्यवस्था पर प्रतिभागी झूमकर नृत्य करते नजर आए। प्रतिभागियों ने दिल खोलकर गरबा में डांस किया। इस दौरान मातृशक्ति ने महत्वपूर्ण सहभागिता निभाई।



जनप्रतिनिधियों ने उठाया लुत्फ



कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर गरबे का जनप्रतिनिधियों सहित अन्य अतिथियों ने जमकर लुत्फ उठाया। इस दौरान अतिथियों ने गरबे में शामिल होकर सहभागिता की।



गरबे के इस कार्यक्रम में फिल्म अभिनेता राहुल चेलानी, भारती कलोसिया, अंशिका ठाकुर आदि लोगों ने मंच साझा किया।

रही चाक चौबंद व्यवस्था

आयोजन में सुरक्षा और अनुशासन को भी प्राथमिकता दी गई । प्रवेश और निकास की व्यवस्था, सुरक्षा कर्मियों की तैनाती, महिला सुरक्षा स्टाफ, बाउंसर टीम और आयोजन प्रबंधन से जुड़े सदस्य जिम्मेदारियों को बखूबी निभाते नजर आए।



कार्यक्रम की एंकर सलोनी झा ने की शानदार एंकरिंग की।



इटारसी शहर का साल का सबसे बड़ा गरबा आयोजन
आज मिलिए हनुमान अंश फेम गौतम त्रिपाठी से
ISHAAN RESIDENCY
Powered By
SAI ELITE ICON Resorts
रजत ज्वेलर्स
Pink City GOLD premium residential plots
मालवीय ज्वेलर्स
Sponsored By
नीलम
NVT's NOVELTY EVERFRESH
संस्कार मेडिकल एजेंसी, इटारसी
NEW SHREE BALAJI SOLAR WORKS Beside Swastik Plywood, 9 Line, Itarsi 9669777729 9669777724
RR MOBILE All Mobile Accessories
चिन्मय डेकोर्स
तनीषा आर्ट ज्वेलरी
Shri Mahakaal Shopping Center
ISHAAN RESIDENCY
Powered By
RAI SAHAB LANDMARK premium residential plot
दुसाने ज्वेलर्स
HONDA SUDARSHAN HONDA
DURO MAHALAXMI PLYWOOD M. 9826938737
Sponsored By
श्रीजी enclave प्रीमियम आवासीय प्लॉट
SHREE BALAJI BIO CNG WASTE TO ENERGY
SWASTIK PLYWOOD & HARDWARE 9th Line, Itarsi, Dist- Narmadapuram (M.P.)
श्री मनोहर श्याम तिवारी पंसारी
शुभ मंगल Ramnath Richpal & Company
श्री श्याम फ्यूल्स
Jk Ply Decor
CHOTE NAWAB वेज & नॉनवेज रेस्टोरेंट
हरिभूमि Present's
अनुभूति
EXCLUSIVE FAMILY GARBA
SEASON 5
Venue Partner
THE PARK CLUB & RESORT, ITARSI
14 15 16 OCTOBER 2026
07-10 PM TIME
ONLINE TICKET District App पर उपलब्ध है।
ऑफलाईन एंट्री पास हरिभूमि कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है - 9424433999 8329018872
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी - आयोजन से जुड़ने एवं स्पॉन्सर बनने के लिए सम्पर्क करें- भूपेन्द्र विश्वकर्मा - 9300263480

खबर संक्षेप

अपर कलेक्टर वंदना जाट का ट्रांसफर

बैतूल। सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल द्वारा हाल ही में प्रशासनिक अधिकारियों के तबादलों की सूची जारी की है, जिसमें बैतूल जिले में पदस्थ अपर कलेक्टर वंदना जाट का तबादला उपसचिव स्कूल शिक्षा विभाग मप्र शासन भोपाल में दिया गया है। वहीं उपसचिव स्कूल शिक्षा विभाग भोपाल में पदस्थ गोपाल सिंह वर्मा को बैतूल का नया अपर कलेक्टर बनाया गया है।

युवक ने खाया सल्फास उपचार के दौरान मौत

बैतूल। साईखेड़ा थाना क्षेत्र के बिहर गांव में 41 वर्षीय हेयर सैलून संचालक की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। मृतक की पहचान राजू पिता मधु बोरकर के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, राजू ने घर में सल्फास का सेवन कर लिया था। गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक, जहरीला पदार्थ खाने के बाद राजू की हालत बिगड़ गई थी। परिजन उन्हें तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने इलाज किया, लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी।

बैतूल में ट्रेन की चपेट में आई महिला, मौत

बैतूल। रेलवे अंडरब्रिज के पास 46 वर्षीय महिला की राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतका की पहचान भीमनगर, बडोरा निवासी शांता पाटिल के रूप में हुई है। आरपीएफ ने आत्महत्या की आशंका जताई है। हालांकि, जीआरपी दुर्घटना और आत्महत्या, दोनों पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। रेलवे पटरी पर महिला का शव मिलने की सूचना आरपीएफ स्टाफ ने दी थी। बताया गया कि महिला राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आई थी। घटना की जानकारी मिलने पर जीआरपी ने मौके पर पहुंचकर जांच की। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। पोस्टमार्टम के बाद आज शव परिजनों को सौंप दिया गया।

बैतूल को पूजा स्पेशल ट्रेन की सौगात

बैतूल। आगामी पूजा, दिवाली एवं छठ त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए रेलवे ने एक और पूजा स्पेशल ट्रेन का बैतूल स्टॉपेज दिया गया है। ट्रेन क्रमांक 06139 पोदनूर- बरौनी स्पेशल जो पोदनूर से शुक्रवार 16अक्टूबर सुबह 06.15 पर निकलेगी एवं बैतूल स्टेशन पर यह ट्रेन शनिवार को दोपहर 12.38 पर आएगी एवं 12.40 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन इरोड, सेलम, काटपाड़ी, गुडुर, बल्लारशाह, नागपुर, बैतूल ,इटारसी, पिपरिया, गाडरवारा, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, इलाहाबाद, मुगलसराय, एवं हाजीपुर होते हुए बरौनी पहुंचेगी। इस ट्रेन की केवल एक ट्रिप ही रहेगी, यह ट्रेन बरौनी रविवार को 13:30 पर पहुंचेगी। इसी प्रकार वापसी में ट्रेन क्रमांक 06140 बरौनी -पोदनुर स्पेशल यह ट्रेन बरौनी से सोमवार (19 अक्टूबर को सुबह 09:30 पर निकलेगी एवं बैतूल स्टेशन पर इस ट्रेन का आगमन मंगलवार को दोपहर 12.08 पर होगा एवं 12.10 पर प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन पोदनुर स्टेशन पर बुधवार 18.30 पर पहुंचेगी। इस ट्रेन की भी केवल एक ट्रिप संचालित होगी। 20 बोगी की इस ट्रेन में 18 नॉन एसी चेयर कार कोच एवं 2 एसएलआर होंगे।

सीएमएचओ ने किया निरीक्षण

बैतूल। प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शर्मा ने 13 अक्टूबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खेड़ीसांवलीगढ का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ड्यूटी चिकित्सक तनिषा महाले एवं डॉ मनीषा वर्मा दोनों अनुपस्थित पाये गये, जिन्हें अनुपस्थिति दर्ज कर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। संस्था में गंभीर मरीजों के लिए ओपीडी, आईपीडी चालू रखने, पदस्थ बंध पत्र चिकित्सकों को सार्थक एप में उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश दिये। उन्होंने खंड चिकित्सा अधिकारी को स्टाफ नर्स करूणा माकोड़े को कार्य के प्रति उदासीनता एवं लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि सामान्य मरीजों को अनावश्यक रूप से जिला चिकित्सालय रैफर किया जाता है तो संबंधित चिकित्सक/स्टाफ के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

परियोजना में बैतूल जिले और ताप्ती की उद्गमस्थली मुलताई को भी शामिल करने उठी मांग

मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के लाखों हेक्टेयर कृषि क्षेत्र को मिलेगा सिंचाई का लाभ



असलम अहमद ▶▶मुलताई

मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के बीच ताप्ती नदी के जल का बेहतर उपयोग करने के उद्देश्य से प्रस्तावित ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज परियोजना को देश की महत्वाकांक्षी जल परियोजनाओं में शामिल किया जा रहा है। करीब बीस हजार करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली इस परियोजना से दोनों राज्यों के कई क्षेत्रों में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार करने, जल उपलब्धता बढ़ाने और भूजल स्तर में सुधार लाने की योजना है। हालांकि, परियोजना के अब तक सामने आए विवरणों में बैतूल जिले और ताप्ती नदी की उद्गमस्थली मुलताई को प्रत्यक्ष लाभ मिलने की स्थिति स्पष्ट नहीं है। इसको लेकर स्थानीय स्तर पर सवाल उठने लगे हैं।

सूर्यपुत्री मां ताप्ती का उद्गम मुलताई से होता है। ऐसे में क्षेत्र के लोगों और किसानों की मांग है कि ताप्ती नदी पर बनने वाली इतनी बड़ी परियोजना का लाभ उसके उद्गम स्थल और बैतूल जिले को भी मिलना चाहिए। उनका कहना है कि परियोजना की योजना बनाते समय स्थानीय किसानों, ग्रामीणों और आदिवासी समुदायों के हितों को प्राथमिकता दी जाए, ताकि जिले में सिंचाई और पेयजल की उपलब्धता बढने के साथ ताप्ती नदी के प्रवाह क्षेत्र में भी जल संकट कम हो सके।

करीब 20 हजार करोड़ रुपए की परियोजना, दोनों राज्यों को मिलेगा लाभ

ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज परियोजना की अनुमानित लागत विभिन्न सार्वजनिक रिपोर्टों में करीब 19,244 करोड़ से 20 हजार करोड़ रुपये के बीच बताई गई है। परियोजना का उद्देश्य ताप्ती नदी के जल का बेहतर प्रबंधन कर मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के निर्धारित क्षेत्रों में सिंचाई सहित अन्य जरूरतों के लिए पानी उपलब्ध कराना है। परियोजना के प्रारंभिक विवरणों के अनुसार, दोनों राज्यों के लिए कुल लगभग 31.13 टीएमसी जल उपयोग का उल्लेख मिलता है। इसमें महाराष्ट्र के लिए करीब 19.36 टीएमसी और मध्यप्रदेश के लिए लगभग 11.76 टीएमसी जल आवंटन प्रस्तावित बताया गया है।

प्रकाशित आंकड़ों में दोनों राज्यों के करीब 3.58 लाख हेक्टेयर कृषि क्षेत्र को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का लक्ष्य भी सामने आया है। इस परियोजना से संबंधित प्रस्तावों का उद्देश्य कृषि क्षेत्र में पानी की उपलब्धता बढ़ाना, किसानों को सिंचाई के लिए बेहतर सुविधा देना और जल संसाधनों का अधिक प्रभावी उपयोग करना है।

खारिया-गुटीघाट क्षेत्र में प्रस्तावित है मुख्य जल संरचना

परियोजना की प्रमुख प्रस्तावित जल संरचना ताप्ती नदी पर खारिया-गुटीघाट क्षेत्र में बनाई जानी है। यह क्षेत्र मध्यप्रदेश के खंडवा जिले की खालवा तहसील और महाराष्ट्र की सीमा के आसपास स्थित बताया गया है। यहां नदी पर लो-डायवर्जन वियर यानी पानी के प्रवाह को नियंत्रित करने वाली संरचना प्रस्तावित है। इसकी जल संग्रहण क्षमता लगभग 8.31 टीएमसी बताई गई है। प्रस्तावित संरचना के माध्यम से पानी का नियोजित नियंत्रण और वितरण किया जाना है। इसके साथ ही दाएं और बाएं तट पर नहरें बनाने की योजना भी बताई गई है, जिनके जरिए निर्धारित कृषि क्षेत्रों तक पानी पहुंचाया जाएगा। परियोजना के कुछ हिस्सों में लंबी दूरी तक पानी ले जाने और सुरंगों के माध्यम से जल परिवहन की व्यवस्था का भी उल्लेख मिलता है।

किन जिलों को मिल सकता है सिंचाई का लाभ ?



परियोजना से संबंधित प्रकाशित विवरणों में मध्यप्रदेश के बुरहानपुर और खंडवा जिले तथा महाराष्ट्र के अमरावती, अकोला, बुलढाणा और जलगांव क्षेत्र शामिल बताए गए हैं। प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, मध्यप्रदेश में लगभग 1.23 लाख हेक्टेयर और महाराष्ट्र में करीब 2.30 से 2.35 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई का लाभ देने की योजना है। इस तरह दोनों राज्यों में कुल लगभग 3.58 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को लाभ पहुंचाने का लक्ष्य बताया गया है। परियोजना से कृषि उत्पादन बढ़ाने, फसलों को समय पर पानी उपलब्ध कराने और कुछ क्षेत्रों में भूजल पुनर्भरण को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। लेकिन बैतूल जिले और मुलताई को इस योजना में किस तरह शामिल किया जाएगा, इस संबंध में स्पष्ट जानकारी सामने आना बाकी है। यही वजह है कि स्थानीय स्तर पर परियोजना के लाभों में बैतूल जिले की भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग उठ रही है।

ताप्ती की उद्गमस्थली मुलताई को भी मिले प्रत्यक्ष लाभ : सुखदेव पांसे



पूर्व मंत्री एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष सुखदेव पांसे ने मांग की है कि ताप्ती मेगा रिचार्ज परियोजना में बैतूल जिले और मुलताई को भी शामिल किया जाए। उनका कहना है कि मुलताई मां ताप्ती की उद्गमस्थली होने के साथ धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व भी रखती है। ऐसे में ताप्ती नदी पर बनने वाली बड़ी परियोजना में उद्गम स्थल और आसपास के क्षेत्र के हितों की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। पांसे के अनुसार, परियोजना की योजना बनाते समय प्राकृतिक संसाधनों और आदिवासी समुदायों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने मांग की कि बैतूल जिले को परियोजना का लाभ देने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाई जाए, ताकि स्थानीय किसानों और ग्रामीणों को सिंचाई एवं पेयजल की पर्याप्त सुविधा मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि परियोजना के कारण आदिवासी परिवारों को विस्थापन का सामना न करना पड़े और जल, जंगल, जमीन से जुड़े उनके अधिकार सुरक्षित रहें। स्थानीय आदिवासी समुदायों को विश्वास में लेकर उनकी सहमति और हितों का सम्मान किया जाना चाहिए।

जल, जंगल, जमीन और आदिवासियों के हितों की रक्षा हो : रामू टेकाम



मध्यप्रदेश आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रामू टेकाम ने भी परियोजना को लेकर स्थानीय लोगों की भागीदारी और पारदर्शिता पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि ताप्ती मेगा रिचार्ज परियोजना को अंतरराज्यीय स्तर पर बड़ी और महत्वाकांक्षी योजना बताया जा रहा है, लेकिन इसके संबंध में आम लोगों को पर्याप्त जानकारी नहीं मिल पाने से भ्रम की स्थिति बन रही है। टेकाम का कहना है कि यदि ताप्ती नदी पर इतनी बड़ी परियोजना बनाई जा रही है, तो सबसे पहले जल, जंगल, जमीन और आदिवासी समुदायों के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। शासन को स्थानीय आदिवासी समुदायों को विश्वास में लेकर यह स्पष्ट करना चाहिए कि परियोजना से बैतूल जिले और ताप्ती की उद्गमस्थली मुलताई को क्या लाभ मिलेगा।

बैतूल जिले के हितों का रखा जाएगा पूरा ध्यानः हेमंत खंडेलवाल



ताप्ती मेगा रिचार्ज परियोजना में बैतूल जिले को मिलने वाले लाभ और जिले की भागीदारी को लेकर पूछे गए सवाल पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि इस परियोजना को लेकर पहले जो बातें सामने आई थीं, वे पुरानी हैं। वर्तमान में योजना के संबंध में सर्वे का कार्य चल रहा है और इसमें बैतूल जिले के हितों का पूरा ध्यान रखा गया है। ताप्ती पर चिल्लौर-ढेंगना सिंचाई परियोजना बनाई जा रही है। योजना के तकनीकी पहलुओं और अन्य विस्तृत जानकारी के लिए संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली जा सकती है।

ताप्ती के जल का लाभ जिले को मिले, इसके लिए बनाई जा रही है योजना : वामनकर

बैतूल जिले एवं मुलताई ताप्ती उद्गम को तकनीकी रूप से ताप्ती मेगा रिचार्ज परियोजना से जोड़ा जाना संभव नहीं है, किंतु बैतूल जिले के लिए ताप्ती नदी पर प्रस्तावित एक बड़ी सिंचाई योजना चिल्लौर-ढेंगना वृहद सिंचाई परियोजना बनाई जा रही है। जिसकी अनुमानित लागत करीब 4,039 करोड़ रुपये और सिंचाई का लक्ष्य लगभग 62 हजार हेक्टेयर बताया जा रहा है।

- विपिन वामनकर, सुपरीटेंडेंट इंजीनियर (एसई) जल संसाधन विभाग

मॉडल रिकॉर्ड रूम और सेंट्रल लाइब्रेरी को लेकर दिए निर्देश

कलेक्टर डॉ सोनवणे ने पुराने कलेक्ट्रेट का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶बैतूल

कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने बुधवार को पुराने कलेक्ट्रेट कार्यालय का भ्रमण कर यहां संचालित विभिन्न विभागों के कार्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जनपद कार्यालय के सामने स्थित मॉडल रिकॉर्ड रूम का भी निरीक्षण किया। रिकॉर्ड रूम की व्यवस्थाएं क्रियाशील नहीं पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित अधिकारियों को रिकॉर्ड रूम का व्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करने के लिए सख्त निर्देश दिए।

उन्होंने सेंट्रल लाइब्रेरी के लिए भी स्थान और भवन का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने कहा कि कलेक्ट्रेट 2.0 के तहत पुराने कलेक्ट्रेट कार्यालय के बेहतर उपयोग के लिए व्यवस्थित कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्ययोजना के अनुरूप व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने और उनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम डॉ. अभिजीत सिंह, तहसीलदार डॉली रायकवार मौजूद रहीं।

समर्थन मूल्य पर धान एवं मोटा अनाज विक्रय के लिए 8121 किसानों का पंजीयन

बैतूल। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर धान एवं मोटा अनाज (ज्वार एवं बाजरा) के विक्रय के लिए जिले में निर्धारित अवधि में कुल 8,121 किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। पंजीकृत किसानों के कुल 15,124 हेक्टेयर रकबे का पंजीयन किया गया है।मध्यप्रदेश शासन, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, मंत्रालय भोपाल के निर्देशानुसार धान एवं मोटा अनाज के पंजीयन के लिए 15 सितम्बर से 10 अक्टूबर 2026 तक की अवधि निर्धारित की गई थी।

सोने-चांदी के जेवर चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶बैतूल

सांईखेड़ा पुलिस ने सूने मकानों में चोरी करने वाले एक गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने दो चोरियों के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी के जेवर और चोरी में उपयोग की गई मोटरसाइकिल मिली है।

गिरफ्तार आरोपियों के नाम पंकज कवड़े, हर्ष उर्फ हर्षवर्धन धुर्वे और चमन उर्फ अमन हैं। पुलिस के अनुसार, मुख्य आरोपी चमन उर्फ अमन पर पहले से करीब 23 आपराधिक केस दर्ज हैं। पंकज पर 8 और हर्ष पर 5 केस दर्ज हैं। आरोपियों ने बोदलपठार में 13 जुलाई को और नयेगांव में 21 अगस्त को सूने मकानों में चोरी की थी। नयेगांव से जेवर के साथ 50 हजार रुपये नकद भी चुराए गए थे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और कॉल डिटेल की मदद से इन तक पहुंची। तीनों आरोपियों को 14 अक्टूबर को गिरफ्तार कर मुलताई कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी चोरी की मोटरसाइकिल का उपयोग करते थे और उसकी नंबर प्लेट बदल देते थे। पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन ने पुराने मामलों में दोषियों को सजा दिलाने पर जोर दिया है।

सरकारी क्वार्टर से सागौन की चरपट जब्ती पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶भैंसदेही



स्वास्थ्य विभाग के रिक्त शासकीय आवास से 23 नग सागौन की चरपट बरामद होने के मामले ने अब राजनीतिक तूल पकड़ लिया है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद नरेश मोहरे ने वन विभाग के अधिकारी देवानंद पांडे एसडीओ दक्षिण वन मंडल भैंसदेही को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि बरामद लकड़ी कहां से आई, उसे शासकीय आवास में किसने और किस उद्देश्य से रखा, इसकी विस्तृत जांच होनी चाहिए। मामले की गंभीरता को देखते हुए वास्तविक स्थिति सामने लाकर दोषियों पर नियमानुसार कार्रवाई की मांग की गई है। उल्लेखनीय है कि 8 अक्टूबर 2026 को बीएमओ भैंसदेही की सूचना पर पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम ने स्वास्थ्य विभाग के खाली आवास से 23 नग सागौन की चरपट जब्त की थी, जिसकी कीमत करीब 1 लाख रुपये आंकी गई थी। नरेश मोहरे ने सवाल उठाया कि शासकीय आवास का उपयोग इमारती लकड़ी रखने के लिए कैसे हुआ, आवास में लकड़ी कब से रखी थी और संबंधित विभाग को इसकी जानकारी थी या नहीं। उन्होंने आशंका जताई कि मामले में अन्य लोगों की भूमिका भी हो सकती है, जिसकी जांच जरूरी है।

प्रदर्शन के चलते बैतूल आमला मार्ग कई घंटों तक बंद रहा

बिजली कटौती के विरोध में मोरडोंगरी सबस्टेशन पर ग्रामीणों का घेराव, किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶आमला



बीते मंगलवार की शाम आमला बैतूल मार्ग पर मोरडोंगरी स्थित बिजली कंपनी के सब स्टेशन पर आधा दर्जन से ज्यादा गांव के लोगों ने कई घंटे के लिए यहां चक्का जाम किया, रात लगभग 8 बजे से 10 बजे तक ग्रामीणों के चक्का जाम में यहां सैकड़ों लोग फंसे रहे। जिनमें महिलाएं बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल थे, ऐसे में लोगों को जाम से दिक्कतों का सामना करना पड़ा,जैसा की जानकारी है,कि मौके से महज 15 किलोमीटर दूर जिला प्रशासन को यहां पहुंचने में ही लगभग 2 घंटे का वक्त लग गया। जिससे लोग अंधेरे में यहां मुश्किलों से जूझते रहे, जैसा की मौके पर हमने देखा कि कुछ महिलाएं भी बैतूल से आमला अपने दो पहिया वाहन से आमला आ रही थी, किंतु जाम लगने के कारण उन्हें भी मुश्किलों का सामना करना पड़ा।पिछले कुछ दिनों से इलाके में यहां रात्रि कालीन बिजली कटौती के विरोध में हसलपुर, लाखापुर,मोरडोंगरी कन्नडग़ांव आदि कई गांव के लोगों ने विरोध स्वरूप यहां रात्रि 8 बजे से बिना किसी पूर्व सूचना के चक्का जाम किया था। जिसके चलते सैकड़ो लोग यहां जाम में फंसे रहे, मौके पर प्रशासन के देर से पहुंचने के चलते कई लोगों ने यहां से वापस लौटने में ही अपनी भलाई समझी, तो कुछ यात्री बसें भी अपने गंतव्य के लिए आमला वापस पहुंचकर आगे के लिए रवाना हुई, जिसमें बोरदेही से इंदौर जाने वाली एक यात्री बस भी शामिल है, तो बैतूल से आमला आने वाली एक यात्री बस लगभग 3 घंटे तक यहां फंसीं रही। इसके अलावा यहां बड़ी संख्या में दो पहिया वाहन चालक भी कई घंटे तक यहां रात में जूझते रहे, जिनमें महिलाओं और बच्चों को जाम से परेशानियों का सामना करना पड़ा। रात लगभग 10 बजे यहां जिला प्रशासन के कुछ अधिकारी और आमला के थाना प्रभारी मुकेश ठाकुर एसआई अमित पवार ने मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला और ग्रामीणों को समझाइश दी।

झोली, लखीपुर और चिखलपार्टी के ग्रामीणों ने चंदा जुटाकर एकत्र किए 2 लाख रुपए

ग्रामीणों और स्कूली बच्चों ने खुद संभाली सड़क मरम्मत की कमान

दो जेसीबी मशीनों और 10 ट्रैक्टरों की मदद से शुरू किया सड़क का मुरुमीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶शाहपुर



जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं की स्थिति और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करने वाला एक मामला सामने आया है। ग्राम झोली, लखीपुर और चिखलपार्टी के ग्रामीणों तथा स्कूली छात्र-छात्राओं ने खराब सडक़ की समस्या को लेकर प्रशासन से गुहार लगाई, लेकिन ग्रामीणों के अनुसार लंबे समय तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से उन्हें निराशा का सामना करना पड़ा। आखिरकार ग्रामीणों और स्कूली बच्चों ने स्वयं आगे आकर जनसहयोग एवं चंदे के माध्यम से सडक़ की मरम्मत कराने का जिम्मा उठा लिया। तीनों गांवों के ग्रामीणों और बच्चों ने मिलकर करीब दो लाख रुपये की राशि एकत्रित की। इसके बाद दो जेसीबी मशीनों और 10 ट्रैक्टरों की व्यवस्था कर सडक़ पर मुरुमीकरण का कार्य प्रारंभ किया गया। जिस सडक़ की मरम्मत की जिम्मेदारी संबंधित प्रशासनिक व्यवस्था से पूरी होने की उम्मीद थी, उसके लिए अब ग्रामीणों को स्वयं संसाधन जुटाने पड़ रहे हैं। यह स्थिति ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता और जनसमस्याओं के निराकरण की व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

कलेक्टर से लगाई थी गुहार, फिर भी नहीं मिली राहत

ग्रामीणों के अनुसार, पिछले बरसात के मौसम में सडक़ की स्थिति बेहद खराब हो गई थी। रास्ते पर दलदली कीचड़ भर जाने के कारण आवागमन मुश्किल हो गया था। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली छात्र-छात्राओं को उठानी पड़ रही थी। कीचड़ से भरे रास्ते के कारण बच्चों का स्कूल आना-जाना बाधित हो रहा था। प्रतिदिन शिक्षा प्राप्त करने के लिए घर से निकलने वाले विद्यार्थियों को रास्ते की समस्या से जूझना पड़ रहा था। इस गंभीर समस्या को लेकर स्कूली छात्र-छात्राओं ने बैतूल कलेक्टर से मुलाकात कर सडक़ की मरम्मत कराने के लिए आवेदन दिया था। बच्चों और ग्रामीणों को उम्मीद थी कि उनकी परेशानी को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन शीघ्र आवश्यक कदम उठाएगा और आवागमन के लिए सडक़ को दुरुस्त कराया जाएगा। बताया गया कि कलेक्टर से मुलाकात के दौरान आश्वासन भी मिला था। लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि आश्वासन के बावजूद सडक़ की मरम्मत के संबंध में आज तक कोई सकारात्मक कार्य दिखाई नहीं दिया। समस्या का समाधान नहीं होने से विद्यार्थियों और ग्रामीणों की परेशानी बनी रही। अंततः प्रशासन की ओर से पहल की प्रतीक्षा करते-करते ग्रामीणों ने स्वयं ही समस्या का समाधान करने का निर्णय लिया।

दो लाख रुपये जुटाकर ग्रामीणों ने शुरू किया काम

सडक़ की बदहाल स्थिति से परेशान ग्राम झोली, लखीपुर और चिखलपार्टी के ग्रामीणों तथा स्कूली छात्र-छात्राओं ने आपसी सहयोग से चंदा एकत्रित करना शुरू किया। देखते ही देखते जनसहयोग से करीब दो लाख रुपये की राशि जुटाई गई। इसके बाद सडक़ की मरम्मत के लिए आवश्यक मशीनों और वाहनों की व्यवस्था की गई। दो जेसीबी मशीनों तथा 10 ट्रैक्टरों की मदद से सडक़ पर मुरुम डालने और रास्ते को आवागमन योग्य बनाने का कार्य शुरू किया गया है। ग्रामीणों की इस पहल से स्पष्ट होता है कि जब जनसमस्याओं का समाधान समय पर नहीं होता, तो आम नागरिक अपनी सीमित आर्थिक क्षमता के बावजूद सामूहिक प्रयासों से रास्ता निकालने के लिए मजबूर हो जाते हैं। यह केवल सडक़ की मरम्मत का मामला नहीं है, बल्कि उन विद्यार्थियों और ग्रामीण परिवारों की परेशानी का सवाल है, जिन्हें रोजमर्रा की जरूरतों और शिक्षा के लिए इसी रास्ते पर निर्भर रहना पड़ता है।

जनहित के मुद्दे पर प्रशासन की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में

इस घटनाक्रम ने जिला प्रशासन की जनसमस्याओं के प्रति जवाबदेही और शिकायतों पर कार्रवाई की प्रक्रिया को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने पहले प्रशासन पर भरोसा किया, अपनी समस्या अधिकारियों तक पहुंचाई और समाधान की उम्मीद में इंतजार किया। लेकिन जब सडक़ की स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो उन्हें चंदा जुटाकर स्वयं काम शुरू करना पड़ा। यह स्थिति प्रशासनिक व्यवस्था के लिए आत्ममंथन का विषय होनी चाहिए। आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान केवल आवेदन प्राप्त करने या आश्वासन देने तक सीमित नहीं रहना चाहिए। जरूरी यह है कि शिकायतों पर समयबद्ध कार्रवाई हो, संबंधित अधिकारी मौके की वास्तविक स्थिति को समझें और समस्या के समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाएं। विशेष रूप से स्कूली बच्चों की शिक्षा और सुरक्षित आवागमन से जुड़ी समस्याओं को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

खबर संक्षेप



मां काली की 10 फीट ऊंची प्रतिमा बनी आकर्षण का केंद्र

सीहोर। शहर सहित जिलेभर में नवरात्रि का पर्व पूरे श्रद्धा, आस्था और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। जगह-जगह मां दुर्गा और अन्य देवी-देवताओं की सुंदर एवं आकर्षक प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। इसी क्रम में सीहोर शहर के गाड़ी अड्डा क्षेत्र में बहावलपुर समाज द्वारा स्थापित मां काली की 10 फीट ऊंची प्रतिमा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। प्रतिमा का मनमोहक स्वरूप और कलात्मक बनावट लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है।
माँ काली की इस भव्य प्रतिमा का निर्माण शिक्षक दिनेश विश्वकर्मा द्वारा किया गया है, जो शासकीय माध्यमिक विद्यालय धनुखेड़ी में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वे पिछले तीन वर्षों से इस पंडाल के लिए प्रतिमा निर्माण का कार्य कर रहे हैं। इस वर्ष भी उन्होंने अपनी कलात्मक प्रतिभा और मेहनत से मां काली की आकर्षक प्रतिमा तैयार की है। प्रतिमा के निर्माण में उन्हें लगभग 50 दिन का समय लगा। उन्होंने शासकीय सेवा से मिलने वाले समय का सदुपयोग करते हुए इस कार्य को पूरा किया।

दाऊदी बोहरा समाज ने बच्चों की आंखों की जांच कर वितरित किए चश्मे



सीहोर। दाऊदी बोहरा समाज द्वारा धर्मगुरु सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन साहब के निर्देशानुसार सुभाष स्कूल, गंज में बच्चों के लिए आंखों की जांच एवं चश्मा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों की आंखों की जांच कर उनकी दृष्टि संबंधी समस्याओं का पता लगाना और जरूरतमंद बच्चों को चश्मे उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम में दाऊदी बोहरा समाज के आमिल साहब मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि विद्यालय के प्राचार्य आशीष शर्मा विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर आमिल साहब द्वारा जांच के उपरांत आवश्यकता वाले बच्चों को चश्मे वितरित किए गए। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उनकी पढ़ाई में आंखों से संबंधित समस्याओं के कारण आने वाली बाधाओं को दूर करने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर समाज के मुस्तफा हुसैन गैस वाले, हुसैन अली, ताहिर अली, इदरीस भाई, हकीम भाई, शब्बीर सैफी, फखरुद्दीन सैफी, शब्बीर हुसैन, हूसैन अली जेकी, मोहम्मद भाई, युसूफ भाई सहित समाज के अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

विशेषज्ञों ने समझाई ड्रोन की बारीकियां, लाइव डेमो देकर सिखाए तकनीकी गुर

ड्रोन उड़ाने से लेकर तकनीकी कॅरियर की सीख पॉलिटेक्निक की 150 छात्राओं ने लिया प्रशिक्षण

सेवा संकल्प अभियान-2026 के तहत कार्यशाला में छात्राओं ने सीखी ड्रोन संचालन की बारीकियां, सिमुलेशन और लाइव डेमो से समझी आधुनिक तकनीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत शासकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, सीहोर में आयोजित तीन दिवसीय तकनीकी, नवाचार, कैरियर एवं उद्यमिता कार्यशाला के दूसरे दिन मंगलवार को ड्रोन टेक्नोलॉजी पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में महाविद्यालय की करीब 150 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विशेषज्ञों ने छात्राओं को ड्रोन की कार्यप्रणाली, संचालन, तकनीकी घटकों और इसके बढ़ते व्यावसायिक उपयोगों की जानकारी दी। लैपटॉप पर सिमुलेशन के साथ वास्तविक ड्रोन उड़ाकर किए गए प्रदर्शन ने छात्राओं को आधुनिक तकनीक को करीब से समझने का अवसर दिया।

विशेषज्ञों ने समझाई ड्रोन तकनीक की बारीकियां

कार्यशाला में आईआईडीटी की विशेषज्ञ टीम के सदस्य रजत कुमार, सीनियर आपीएएस इंस्ट्रक्टर एवं बीडीएम, राघवेंद्र प्रताप सिंह, मैनेजर-ऑपरेशंस (ड्रोन) तथा आशीष कुमार, आपीएएस इंस्ट्रक्टर एवं यूएवी इंजीनियर ने प्रशिक्षण दिया। विशेषज्ञों ने ड्रोन के विकास, उसके तकनीकी घटकों, असेंबली प्रक्रिया और सुरक्षित संचालन की जानकारी दी। साथ ही नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के नियमों, संचालन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों और आवश्यक तकनीकी दक्षताओं के बारे में भी बताया।

सिमुलेशन और लाइव डेमो से सीखा ड्रोन संचालन

कार्यशाला का प्रमुख आकर्षण लैपटॉप पर सिमुलेशन आधारित प्रशिक्षण और वास्तविक ड्रोन का प्रदर्शन रहा। छात्राओं को सिमुलेशन सॉफ्टवेयर के माध्यम से ड्रोन की उड़ान, नियंत्रण प्रणाली और संचालन प्रक्रिया का चरणबद्ध अभ्यास कराया गया।

कृषि, सर्वेक्षण और उद्योग में रोजगार के अवसर

विशेषज्ञों ने बताया कि ड्रोन तकनीक का उपयोग अब कृषि में फसलों की निगरानी और कीटनाशकों के छिड़काव से लेकर भूमि सर्वेक्षण, मैपिंग, औद्योगिक निरीक्षण और आपदा प्रबंधन तक बढ़ रहा है। इस क्षेत्र के विस्तार से प्रशिक्षित युवाओं के लिए ड्रोन संचालन, तकनीकी रखरखाव, असेंबली, सर्वेक्षण और संबंधित सेवाओं में रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर विकसित हो रहे हैं। संवाद सत्र में छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए विशेषज्ञों ने कौशल विकास, प्रशिक्षण और ड्रोन तकनीक में करियर बनाने की संभावनाओं पर मार्गदर्शन दिया।

व्यावहारिक शिक्षा और नवाचार पर जोर

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रमोद शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक अनुभव उपलब्ध कराना है। प्राचार्य ने रोजगारोन्मुखी शिक्षा, तकनीकी दक्षता और नवाचार को विद्यार्थियों के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि ड्रोन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसी उभरती तकनीकों का ज्ञान छात्राओं के लिए नए अवसर खोल सकता है।

विभागाध्यक्ष डॉ. पंकज जैन के मार्गदर्शन में तकनीकी शिक्षा को प्रयोगात्मक गतिविधियों से जोड़ने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। डॉ. स्मिता शर्मा एवं श्री अभिनव सिंह की सहभागिता से भी छात्राओं को तकनीकी प्रशिक्षण, नवाचार और कौशल विकास की गतिविधियों से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

सेवा संकल्प अभियान-2026 के तहत आयोजित यह कार्यशाला छात्राओं को आधुनिक तकनीक से परिचित कराने और उन्हें भविष्य की औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्राओं में तार्किक सोच, समस्या समाधान, तकनीकी समझ और प्रयोगात्मक दृष्टिकोण विकसित करने के साथ उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के नए विकल्पों से परिचित कराते हैं। महाविद्यालय का प्रयास है कि छात्राएं तकनीकी ज्ञान को व्यावहारिक कौशल में बदलकर आत्मनिर्भर और सक्षम तकनीकी पेशेवर बन सकें।

क्रिसेंट गरबा महोत्सव की प्रतिभागी बालिकाओं दिए जाएंगे 101 आकर्षक पुरस्कार

शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों की साढ़े तीन हजार बालिकाएं करेंगी मनमोहक प्रदर्शन

सीहोर। क्रिसेंट गरबा महोत्सव प्रशिक्षण में हिस्सा ले रही साढ़े तीन हजार बालिकाओं के द्वारा मंगलवार को आवासीय खेलकूद मैदान पर फाइनल रिहर्सल की गई। बुधवार 14 अक्टूबर, गुरुवार 15 अक्टूबर और शुक्रवार 16 अक्टूबर को विशेष गरबा प्रतिस्पर्धा का आयोजन होगा।क्रिसेंट गरबा महोत्सव की प्रतिभागियों को अरुणा सुदेश राय प्रतिभा निखार मंच 101 आकर्षक पुरस्कार प्रदान करेगा। प्रथम द्वितीय तृतीय पुरस्कारों के रूप में प्रतिभागी बालिकाओं को कूपन के माध्यम से बाइक साइकिल फ्रिज टीवी वाशिंग मशीन कूलर सहित अन्य आकर्षक 101 विभिन्न वस्तुएं प्रदान की जाएगी।



बालिकाओं में बना है उत्साह : क्रिसेंट गरबा महोत्सव निशुल्क प्रशिक्षण आयोजन की संयोजक समाजसेविका अरुणा सुदेश राय ने बताया कि शहर के भोपाल नाका स्थित आवासीय खेलकूद मैदान पर विशाल गरबा महोत्सव की व्यापक तैयारियां की जा रही है। बीते 20 दिनों से मल्टी परपज हॉल में शहर सहित आसपास की ग्रामीण अंचलों की साढ़े तीन हजार बालिकाओं को गरबा नृत्य प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा था प्रतिदिन माता जगदंबा की विधिवत पूजा अर्चना भी की जा रही थी।

विशिष्ट जनों का मंच पर सम्मान

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान ही विश्व विख्यात शिव महापुराण कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा सहित शहर की समाज सेवी संस्थाओं, पार्षदों, पत्रकारों, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं, दुर्गा वाहिनी की बहनों, संडे का सुकून, गुरदा लंगर और विशिष्ट सामाजिक महिलाओं मात्र शक्तियों का शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

सेलिब्रिटी रश्मि देसाई आएंगी

विधायक सुदेश राय ने बताया कि दिनांक 14 अक्टूबर 15 अक्टूबर 16 अक्टूबर को विशेष कार्यक्रम होगा।

कार्यक्रम के फाइनल राउंड अक्टूबर को सेलिब्रिटी रश्मि देसाई कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी। टेलीविजन और फिल्मों की रश्मि देसाई बालिकाओं के साथ सामूहिक घर में हिस्सा लेंगे और महिलाओं बालिकाओं का उत्साहवर्धन करेंगी।

मैदान पर आकर्षक सजावट : कार्यक्रम को आकर्षक बनाने के लिए मैदान पर बेहतरीन साज सज्जा और अतिथि सत्कार की व्यवस्था की गई है। मैदान पर हजारों लोगों के बैठने के साथ वीआईपी गैलरी भी बनाई गई है। आकर्षक साउंड सिस्टम और लाइटिंग भी की गई है सुरक्षा के भी इंतजाम व्यापक रूप से किए गए हैं। सामूहिक गरबा पारंपरिक पारिवारिक वातावरण में व्यवस्थित रूप से आयोजित होगा। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय, रोमानी राय,वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय, नमिता राय, विधायक सुदेश राय, अरुणा राय, निलेश बंटी राय सुषमा राय,राजकुमार जायसवाल रिंकू, शीतल राय, रांझा राय, मिकी राय,राज राय, बिट्टू राय, संतोषी विजयवर्गीय सहित समस्त राय परिवार के सदस्यों ने शहर के समस्त नागरिकों को क्रिसेंट गरबा महोत्सव कार्यक्रम में सादर आमंत्रित किया है।

सेवानिवृत्त वनपाल ने वेतन निर्धारण में गड़बड़ी और क्रमोन्नति नहीं मिलने का लगाया आरोप



सीहोर। सेवानिवृत्त वनपाल ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर आवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि वन विभाग से वर्ष 2004 में वनपाल के पद से सेवानिवृत्त हुए एक कर्मचारी ने वेतन निर्धारण में कथित गड़बड़ी और क्रमोन्नति का लाभ नहीं मिलने को लेकर वन विभाग के अधिकारियों के खिलाफ नाराजगी जताई है। सेवानिवृत्त कर्मचारी का आरोप है कि इस संबंध में वनमंडल कार्यालय से लेकर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, भोपाल तक कई बार आवेदन देने के बावजूद उनकी समस्या का निराकरण नहीं किया गया है। उन्होंने एक माह के भीतर उचित कार्रवाई नहीं होने पर आमरण अनशन करने की चेतावनी दी है।

आवेदक के अनुसार, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर में दायर याचिका क्रमांक डब्ल्यु पी11595/2006 पर 18 जनवरी 2011 को पारित आदेश के पालन में तत्कालीन वनमंडलाधिकारी, सीहोर ने आदेश क्रमांक 265 दिनांक 1 अगस्त 2011 जारी कर उन्हें 29 दिसंबर 1988 से वनपाल के पद पर पदोन्नति प्रदान की थी। इसके बाद वेतन निर्धारण भी 3500-5200 रुपये के वेतनमान के अनुसार किया गया था। आवेदक का कहना है कि प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्यालय, भोपाल के वेतन निर्धारण जांच प्रकोष्ठ द्वारा भी 29 दिसंबर 1996 को जारी आदेश क्रमांक 438 में उक्त वेतनमान को सही माना गया था।

वेतन निर्धारण बदलने से पेंशन प्रभावित होने का आरोप : सेवानिवृत्त कर्मचारी ने आरोप लगाया कि 1 अगस्त 2011 के आदेश के लगभग डेढ़ माह बाद तत्कालीन वनमंडलाधिकारी श्री रविंद्र सक्सेना द्वारा 15 सितंबर 2011 को आदेश क्रमांक 323 जारी कर उनका वेतन निर्धारण 3500-5100 रुपये के वेतनमान के आधार पर कर दिया गया। इसके बाद संशोधित पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) जारी किया गया, जिसके कारण उनकी पेंशन प्रभावित हो रही है। आवेदक का दावा है कि वनपाल के पद के लिए इस प्रकार का वेतनमान निर्धारित करना गलत है और इससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

न्यायालय के आदेश के बाद भी क्रमोन्नति नहीं मिलने का दावा : आवेदक ने बताया कि उन्होंने क्रमोन्नति का लाभ प्राप्त करने के लिए उच्च न्यायालय में एक अन्य याचिका क्रमांक 18175/2012 भी दायर की थी। उनके अनुसार, 3 अप्रैल 2024 के आदेश के तहत 29 दिसंबर 1988 से 29 नवंबर 2000 तक की अवधि के लिए क्रमोन्नति का लाभ दिया जाना था, लेकिन विभाग द्वारा अब तक इसका पालन नहीं किया गया है। आवेदक का यह भी कहना है कि न्यायालय के आदेश के बाद संबंधित अधिकारी पर 10 हजार रुपये की राशि का भुगतान करने का आदेश हुआ, लेकिन इसके बावजूद क्रमोन्नति का लाभ नहीं मिला। सेवानिवृत्त कर्मचारी ने वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुरूप उनका वेतन निर्धारण सही किया जाए, संशोधित पेंशन संबंधी विसंगतियों को दूर किया जाए और नियमानुसार क्रमोन्नति का लाभ प्रदान किया जाए।

उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि एक माह के भीतर उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो वे अपने अधिकारों के लिए आमरण अनशन करने को विवश होंगे।

ग्रामीण क्षेत्रों में दिन के साथ रातभर भी बिजली गुल, किसानों ने नियमित विद्युत आपूर्ति की मांग की

सीहोर। जनपद प्रतिनिधि कमलेश पप्पु पटेल के नेतृत्व में कृषकगणों ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जनसुनवाई में दिया गया। जिसमें बताया कि सीहोर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही अघोषित बिजली कटौती से किसान परेशान हैं। कम बारिश के कारण पहले से ही खेती पर संकट मंडरा रहा है, वहीं पर्याप्त बिजली नहीं मिलने से खेतों में सिंचाई नहीं हो पा रही है। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते सिंचाई नहीं हुई, तो रबी की फसल की बोवनी प्रभावित हो सकती है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसानों ने बताया कि उनके द्वारा विद्युत मंडल को समय-समय पर बिजली बिलों का भुगतान किया जाता है, इसके बावजूद मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। स्थिति यह है कि दिन के साथ पूरी रात भी बिजली उपलब्ध नहीं हो रही है। इससे खेतों में सिंचाई करना मुश्किल हो गया है। जिले में अल्प वर्षा के कारण पहले ही किसानों की चिंता बढ़ी हुई है। ऐसे में बिजली के अभाव में समय पर बोवनी नहीं हो पाने से रबी की फसल प्रभावित होने की आशंका है। ग्रामीणों ने कहा कि बिजली कटौती का असर केवल खेती तक सीमित नहीं है, बल्कि आम जनजीवन भी प्रभावित हो रहा है। बिजली नहीं रहने से बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं स्कूली विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। किसानों ने आरोप लगाया कि शहरी क्षेत्रों में पर्याप्त बिजली आपूर्ति की जा रही है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों के साथ भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है। किसानों के अनुसार, इस समस्या को लेकर क्षेत्रीय विद्युत कार्यालयों में कई बार आवेदन दिए गए हैं और अधिकारियों के समक्ष उपस्थित होकर नियमित बिजली आपूर्ति की मांग भी की गई है। इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ है। लगातार हो रही कटौती के कारण जिले के ग्रामीण किसानों में आक्रोश व्याप्त है।

आरएसआई कप इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता जारी

सीहोर। शहर के भोपाल नाके स्थित आवासीय खेलकूद मैदान पर जारी आरएसआई कप इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें शहर की आधा दर्जन से अधिक टीमों को शामिल किया गया है। कोच अक्षय दुबाने और अजय चंदेल के द्वारा मैदान को शानदार बनाया है। उनकी मेहनत के कारण यहां पर अनेक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा चुका है। बुधवार को दो मैच खेले जाऐंगे। आरएसआई के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि पहला मैच आईईएस ब्लू और लुर्द माता और दूसरा मैच सेंट मेरी स्कूल और भैरुंदा के मध्य खेला जाएगा।

युवा उत्सव के तहत रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सम्राट अशोक कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, सीहोर में युवा उत्सव 2026-27 के अंतर्गत 13 अक्टूबर 2026 को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता, कलात्मक प्रतिभा एवं आकर्षक रंग संयोजन के माध्यम से सुंदर रंगोलियाँ बनाईं। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों की कला, सृजनात्मकता एवं सांस्कृतिक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना था।

प्रतियोगिता में निर्णायक समिति के रूप में हिमांशु राय, राकेश यादव, राजेश गोयल, निखिलेश गुर्जर एवं टीना दुबे उपस्थित रहे। निर्णायकों ने विद्यार्थियों की रंगोली का मूल्यांकन विषय-वस्तु, कलात्मकता, रंग संयोजन एवं प्रस्तुति के आधार पर किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तनिषा विश्वकर्मा (बी.ए. प्रथम वर्ष), द्वितीय स्थान अंकिता परमार (बी.एससी. द्वितीय वर्ष) तथा तृतीय स्थान अपेक्षा रवलिया (बी.एससी. प्रथम वर्ष) ने प्राप्त किया। विजेता विद्यार्थियों की उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त किया। प्रतियोगिता में अंकिता परमार, तनु बकोरिया, तनिषा विश्वकर्मा, सपना सिसोदिया, लक्ष्मी चौहान, अपेक्षा रवलिया, शीतल वर्मा, भावना वर्मा, निशा सेन, शिवानी मेवाड़ा एवं अनामिका वर्मा सहित कुल 11 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम की प्रभारी रचना सिसोदिया एवं खुशी राठौर रहीं। उनके मार्गदर्शन में प्रतियोगिता का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिला। महाविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देना है।

सम्राट अशोक कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, सीहोर द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों में कला, उत्साह एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित किया।

ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की स्थिति बेहद खराब : कलीम पठान

बिजली कटौती पर दोराहा ब्लॉक कांग्रेस का अल्टीमेटम, सीएम हाउस घेराव की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अहमदपुर/दोराहा

जिले में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती से त्रस्त जनता की आवाज बनते हुए दोराहा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने विद्युत विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कलीम पठान ने विद्युत मंडल के महाप्रबंधक से लेकर सीएम हाउस तक घेराव करने की चेतावनी दी है। कलीम पठान ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। दिन और रात में दर्जनों बार अघोषित कटौती की जा रही है, जिससे किसानों को परेशानी आ रही है तो वही विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित हो रही है। आम नागरिकों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।



तीन दिन का दिया अल्टीमेटम

ब्लॉक अध्यक्ष कलीम पठान ने विद्युत विभाग को तीन दिन का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि तीन दिनों के अंदर बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो कांग्रेस कार्यकर्ता पहले विद्युत मंडल के महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव करेंगे और उसके बाद भोपाल में सीएम हाउस का घेराव किया जाएगा। साथ ही उन्होंने ऐलान किया कि यदि विभाग ने व्यवस्था नहीं सुधारी तो क्षेत्र में मुनादी कराकर लोगों से बिजली बिल जमा नहीं करने की अपील की जाएगी। बिजली कर्मचारी यदि बिल वसूली के लिए गांव में आएंगे तो उन्हें भी रोका जाएगा।

ज्ञापन सौंपकर की मांग

इस संबंध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा विद्युत विभाग को ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में मांग की गई है कि ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और बार-बार होने वाली अघोषित कटौती पर तत्काल रोक लगाई जाए।कलीम पठान ने सवाल उठाया कि जब उपभोक्ता समय पर पूरा बिजली बिल जमा कर रहे हैं, तो उन्हें पूरी बिजली क्यों नहीं मिल रही है? विभाग को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी।अब देखना होगा कि कांग्रेस की इस चेतावनी के बाद विद्युत विभाग व्यवस्था सुधारने के लिए क्या ठोस कदम उठाया है।

खबर संक्षेप



गोंदागांव उपनहर की साफ सफाई, मरम्मत पूरी

हरदा। जल संसाधन विभाग की कार्यपालन यंत्री सोनम वाजपेयी ने गोंदागांव उपनहर में साफ-सफाई एवं मरम्मत कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपनहर की साफ-सफाई का कार्य रबी सिंचाई प्रारंभ होने से पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी, हरदा उपनहर को निर्देशित किया कि किसानों को रबी फसलों की सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से साफ-सफाई एवं आवश्यक मरम्मत कार्य समय-सीमा में पूर्ण कराए जाएं, ताकि सिंचाई के दौरान किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

कल सिराली में लगेगा शिविर

हरदा। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के तहत हरदा जिले में प्रत्येक शुक्रवार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में जिला प्रशासन, स्थानीय निकायों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर आम नागरिकों की समस्याएं सुनकर उनका यथासंभव मौके पर ही निराकरण कर रहे हैं। साथ ही विकास कार्यों, शासकीय योजनाओं, लोक सेवा गारंटी से संबंधित सेवाओं एवं अन्य जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा भी की जा रही है। इसी क्रम में नगर परिषद सिराली में कल 16 अक्टूबर को शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में उद्यम संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

अवैध विक्रय व संग्रहण के विरूद्ध 7 प्रकरण दर्ज

हरदा। आबकारी विभाग के दल ने मंगलवार को मदिरा के अवैध विक्रय, परिवहन व संग्रहण के विरूद्ध कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि इस दौरान आबकारी विभाग के दल ने जिले के खेड़ीपुरा, हरदा खुर्द, लाल स्कूल, ग्राम छीपानेर, भवरास नहर के पास दबिश दी। दबिश के दौरान 10 पाव देशी मदिरा प्लेन, 2.5 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब तथा 520 ग्राम महुआ लाहन जप्त कर आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 7 प्रकरण दर्ज किये गये। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 53440 रूपये है।

युवक का शव नीम के पेड़ पर लटका मिला

हरदा। जिले के हंडिया थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम ग्राम रेलवा के पास एक खेत में 30 वर्षीय युवक का शव नीम के पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका मिला। युवक 5 अक्टूबर से लापता था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। बुधवार सुबह नर्मदापुरम से फोरेंसिक टीम आने के बाद पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर मौत के कारणों की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, सेमला टप्पर निवासी सुखराम गार्गव (30) 5 अक्टूबर से लापता था। परिजनों ने 7 अक्टूबर को हंडिया थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। 13 अक्टूबर को उसके घर से करीब आधा किलोमीटर दूर एक खेत में मक्का काट रहे मजदूरों ने नीम के पेड़ पर शव लटका देखा। उन्होंने इसकी सूचना परिजनों को दी। मृतक के बड़े भाई अशोक ने बताया कि सुखराम तीन भाइयों में सबसे छोटा था। उसने 2023 में लव मैरिज की थी। उसकी कोई संतान नहीं थी और वह मजदूरी करता था। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित

सीहोर। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव और अपर कलेक्टर बृजेश सक्सेना ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जिले से 48 आवेदक आए।

आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए निरंतर घर पहुंच सेवाएं उपलब्ध करा रहे

दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए घर पहुंचकर प्रदान की गई व्हीलचेयर

हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा



दिव्यांगजनों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुगमता से उपलब्ध कराने एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जिला प्रशासन हरदा द्वारा निरंतर सराहनीय प्रयास किए जा रहे हैं। जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र हरदा द्वारा संचालित घर पहुँच सेवा के अंतर्गत एक जरूरतमंद दिव्यांगजन को उनके निवास पर व्हीलचेयर प्रदान की गई। उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग कमलेश सिंह ने बताया कि जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र हरदा द्वारा दिव्यांगजनों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए निरंतर घर पहुँच सेवाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसी क्रम में बुधवार 14 अक्टूबर को जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के विशेषज्ञों द्वारा ग्वाल नगर, हरदा निवासी राकेश विश्वकर्मा के आवश्यक दस्तावेजों का परीक्षण किया गया। चिकित्सक की अनुशंसा के उपरांत उन्हें उनके निवास स्थान पर पहुँचकर व्हीलचेयर प्रदान की गई।

दिव्यांगजनों के जीवन को सुगम बनाना प्राथमिकता

उप संचालक कमलेश सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि पात्र दिव्यांगजनों को आवश्यक सहायक उपकरण एवं पुनर्वास संबंधी सेवाओं के लिए अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। विशेष रूप से ऐसे दिव्यांगजन, जिन्हें आवागमन में कठिनाई होती है, उन तक आवश्यक सेवाएँ पहुँचाने के लिए विभाग प्रतिबद्ध है। जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र हरदा की यह पहल दिव्यांगजनों को सुविधा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

बिच्छापुर में महिला सशक्तीकरण पर जागरूकता कार्यशाला सम्पन्न, महिलाओं को सुरक्षा व संरक्षण को लेकर जागरुक किया



हरदा। बुधवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बिच्छापुर में हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन योजना के तहत जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपस्थित छात्र-छात्राओं को महिला सशक्तीकरण, महिलाओं की सुरक्षा एवं संरक्षण, महिला हेल्पलाइन नंबर 181, बाल सहायता हेल्पलाइन नंबर 1098, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान कर जागरूक किया गया। साथ ही छात्राओं को महिलाओं एवं बालिकाओं के अधिकारों, सुरक्षा संबंधी प्रावधानों तथा आवश्यकता पड़ने पर उपलब्ध सहायता सेवाओं का लाभ लेने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों में महिला अधिकारों और सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाना और उन्हें शासन की योजनाओं से जोड़ना रहा।

नवरात्रि नवदुर्गा उत्सव

13 वर्षों से मां भगवती की आराधना कर रही समिति, श्रद्धालु कर रहे दर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭खिरकिया

नगर के आनंद नगर क्षेत्र में मां भगवती की आराधना और धार्मिक परंपरा का एक विशेष उदाहरण संत श्री सिंगाजी नवदुर्गा उत्सव समिति प्रस्तुत कर रही है। समिति द्वारा विगत 13 वर्षों से लगातार मां भगवती की स्थापना की जा रही है। हर वर्ष नवरात्रि के पावन अवसर पर श्रद्धालु भक्तिभाव के साथ मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर परिवार एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। समिति की इस निरंतर धार्मिक पहल ने क्षेत्र में आस्था और भक्ति का वातावरण बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नवरात्रि के नौ दिनों में मां भगवती की आराधना का विशेष महत्व रहता है। श्रद्धालु मां के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं तथा धार्मिक आयोजनों में सहभागिता निभाते हैं। संत श्री सिंगाजी नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा लगातार 13 वर्षों से मां भगवती की स्थापना करना समिति की श्रद्धा, समर्पण और धार्मिक परंपरा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रतिवर्ष नवरात्रि पर्व के आगमन के साथ ही क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बनता है और माता रानी के जयकारों से वातावरण गूंज उठता है।

नवरात्रि का पर्व शक्ति की उपासना, श्रद्धा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। ऐसे में समिति द्वारा वर्षों से की जा रही मां भगवती की स्थापना धार्मिक परंपराओं को आगे बढ़ाने का माध्यम बनी हुई है। मां दुर्गा के प्रति श्रद्धालुओं की अटूट आस्था के साथ यह आयोजन क्षेत्र की धार्मिक पहचान को भी मजबूत करता है। संत श्री सिंगाजी नवदुर्गा उत्सव समिति आनंद नगर, खिरकिया द्वारा 13 वर्षों से जारी यह धार्मिक परंपरा मां भगवती के प्रति अटूट श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक है।

शिक्षा व संस्कृत सेवा के लिए शिक्षिका सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा

शासकीय डॉ. बी.आर. अंबेडकर उत्कृष्ट विद्यालय, हरदा की संस्कृत शिक्षिका हेमलता अग्रवाल को शिक्षा, संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार एवं सामाजिक गतिविधियों में उल्लेखनीय योगदान तथा अपनी उपलब्धियों से समाज का गौरव बढ़ाने के लिए अग्रवाल समाज हरदा द्वारा श्री अग्रसेन महाराज जयंती समारोह में सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि हेमलता अग्रवाल को इस वर्ष राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह में भी अग्रसेन सम्मान से सम्मानित किया गया है। उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों, अथक परिश्रम , संस्कृत सेवा एवं सामाजिक कार्यों के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें शील्ड एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया।

इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष विनोद बंसल, महिला मंडल की अध्यक्ष सोनाली अखिल अग्रवाल, युवा मंडल के अध्यक्ष मानस अग्रवाल तथा मुख्य अतिथि एवं पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट अनूप अग्रवाल एवं पदाधिकारी व बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित रहे।

कलेक्ट्रेट परिसर में प्रतिबंधात्मक आदेश लागू

कोई व्यक्ति या संगठन को सामूहिक रूप से ज्ञापन सौंपने हेतु पूर्वानुमति लेना आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी, सिद्धार्थ जैन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत हरदा कलेक्ट्रेट परिसर में तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश अनुसार कोई व्यक्ति या संगठन को सामूहिक रूप से ज्ञापन सौंपने हेतु पूर्वानुमति प्राप्त करना आवश्यक है, आवेदन में आयोजक तथा ज्ञापन सौंपने वाले अधिकतम 5 व्यक्तियों का नाम, पता एवं मोबाइल नम्बर का स्पष्ट उल्लेख करना अनिवार्य होगा, साथ ही ज्ञापन सौंपने की दिनांक एवं समय का भी स्पष्ट उल्लेख करना आवश्यक होगा। अनुमत समय से अधिकतम 30 मिनिट तक का विलम्ब स्वीकार किया जा सकेगा, किन्तु उससे अधिक विलम्ब स्वीकार नहीं होगा। साथ ही सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमत अधिकतम 5 व्यक्तियों के अतिरिक्त किसी भी व्यक्ति का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

जारी आदेश अनुसार कोई व्यक्ति या संगठन पुलिस को पूर्व सूचना किये बिना कोई सभा, जुलूस अथवा वाहन रैली का आयोजन नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति सक्षम अधिकारी अनुविभागीय दण्डाधिकारी की पूर्व अनुमति प्राप्त किये बिना रैली अथवा जुलूस का आयोजन नहीं करेगा।

कोई भी व्यक्ति अथवा संगठन या समूह कार्यालय कलेक्टर परिसर में लाठी-डंडा पत्थर या किसी प्रकार का घातक अथवा ज्वलनशील पदार्थ या अन्य शस्त्रों का संग्रह नहीं कर सकेगा। कोई भी व्यक्ति बारूद या पटाखों, पेट्रोल ज्वलनशील पदार्थों को लेकर कलेक्टर परिसर में प्रवेश नहीं कर सकेगा। साथ ही कार्यालय कलेक्टर परिसर अंतर्गत सम्पूर्ण परिसर में व्यवसायिक वाहनों के आवागमन पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।



कर्मचारियों को दी गई ई ऑफिस संचालन की ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा

नेटवर्क इंजीनियर सागर शर्मा ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आईटीआई कॉलेज रहटगांव के प्राचार्य सहित कर्मचारियों के लिए ई-ऑफिस प्रणाली का विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों को ई-ऑफिस के प्रभावी उपयोग में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों को दूर करना और उन्हें दैनिक कार्यों में इस प्रणाली का निर्बाध रूप से उपयोग करने में सक्षम बनाना है।

आदेश आगामी 3 माह तक प्रभावशील रहेगा

जिले में नरवाई जलाने पर प्रतिबंध, प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया, उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सिद्धार्थ जैन ने आम जनता की जानमाल की सुरक्षा एवं पशुओं, पर्यावरण व कृषि भूमि के हित को ध्यान में रखते हुए जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु भारतीय नागरिक सुरक्षा 2023 की धारा 163 के तहत हरदा जिले के अंतर्गत आने वाले सभी क्षेत्र की सीमा में खरीफ फसल में धान, सोयाबीन एवं मक्का के अवशेष डंठल (नरवाई/पराली) में आग लगाने पर प्रतिबंध लगाया है। जारी आदेश अनुसार यह आदेश आगामी 3 माह तक प्रभावशील रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने पर उल्लंघनकर्ताओं के विरूद्ध धारा 223 भारतीय न्याय संहिता 2023 के प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज कर दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी।

इसके अतिरिक्त मध्यप्रदेश शासन पर्यावरण विभाग द्वारा जारी अधिसूचना एवं मध्यप्रदेश में वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम 1981 तथा अन्य उपलब्ध सुसंगत प्रावधानों के तहत निर्धारित अर्थदण्ड अधिरोपित किया जाएगा। जो कि मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 के प्रावधानों के तहत भू-राजस्व की तरह वसूली योग्य होगा। कलेक्टर ने बताया कि कृषकों द्वारा खरीफ फसल में धान, सोयाबीन एवं मक्का की कटाई के उपरांत अवशेष डंठल (नरवाई/पराली) में अगली फसल की तैयारी हेतु आग लगा दी जाती है। नरवाई / पराली जलाने से हानिकारक गैसें तथा धुआं उत्पन्न होता है, कृषि भूमि में रहने वाले सूक्ष्म लाभदायक जीवाणुओं के जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। मृदा में विद्यमान माइकोफ्लोरा एवं माइकोफोना को भी नष्ट कर देता है, जिससे मृदा की उर्वरता एवं उत्पादकता क्षमता भी प्रभावित होती है।

विमुक्त घुमंतु व अर्धघुमंतु समुदायों के लिए योजनाओं का शिविर संपन्न

जाति प्रमाण-पत्र, राशन कार्ड, पात्रता पर्ची व आधार के आवेदन आए

हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा

विमुक्त, घुमंतु और अर्द्धघुमंतु समुदायों को शासकीय योजनाओं की जानकारी एवं लाभ प्रदाय किये जाने के लिए बुधवार को तहसील परिसर हरदा में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में समुदाय के लोगों ने भाग लिया। सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विवेक सिंह ने बताया कि शिविर में जाति प्रमाण-पत्र, राशन कार्ड, पात्रता पर्ची व आधार कार्ड से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।

विभागीय अमले द्वारा प्राप्त आवेदन पत्रों का निराकरण करने के लिये आवश्यक कार्रवाई की गई। शिविर में समुदाय के लोगों को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई साथ ही योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया तथा शासन की स्वरोजगार योजना की जानकारी दी गई। सहायक संचालक श्री सिंह ने बताया कि 28 अक्टूबर को हरदा अनुभाग के ग्राम झिरी के प्राथमिक शाला भवन में विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में संबंधित समुदाय के लोगों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर मौके पर ही लाभान्वित किया जाएगा।



आज निकालेंगे मंदिर से चुनरी यात्रा, 151 मीटर की चुनरी ओढ़ाएंगे

हेलीकॉप्टर से 10 क्विंटल फूलों की होगी पुष्पवर्षा युवतियों की आठ गरबा टीमें देंगी अपनी प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर में 15 अक्टूबर को आयोजित होने वाली भव्य चुनरी यात्रा को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। नगर पालिका अध्यक्ष एवं हिंद रक्षक युवा समिति के संरक्षक प्रिंस राठौर ने शहर के बस स्टैंड स्थित होटल में प्रेस वार्ता आयोजित कर यात्रा की तैयारियों और कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुबह 10:30 बजे प्रसिद्ध शक्तिपीठ करौली वाली माता मंदिर से चुनरी यात्रा का शुभारंभ होगा।

इसमें हजारों की संख्या में मातृशक्ति, युवा और श्रद्धालु शामिल होकर मां जगदंबा के प्रति अपनी आस्था प्रकट करेंगे। इस वर्ष माता रानी को 151 मीटर लंबी भव्य चुनरी ओढ़ाएंगे। यात्रा के दौरान हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा भी की जाएगी। प्रेस वार्ता में प्रिंस राठौर ने बताया कि



चुनरी यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है। अब तक करीब 12 हजार से अधिक महिलाओं को पवित्र चुनरी प्रदान की जा चुकी है। यात्रा में 300 से अधिक दुर्गावाहिनी की बालिकाएं शामिल होंगी। इसके अलावा बालिकाओं और युवतियों की आठ गरबा टीमें अपनी प्रस्तुतियां देंगी। यात्रा में विभिन्न आकर्षक झांकियां भी शामिल रहेंगी, जो धार्मिक आयोजन का विशेष आकर्षण होंगी। चुनरी यात्रा पिछले 14 वर्षों से निरंतर आयोजित की जा रही है।

श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील

प्रिंस राठौर ने समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों, मातृशक्ति, युवाओं और श्रद्धालुओं से 15 अक्टूबर को आयोजित होने वाली भव्य चुनरी यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी की सहभागिता से इस धार्मिक आयोजन को और भव्य स्वरूप मिलेगा। 151 मीटर की चुनरी, दुर्गावाहिनी की बालिकाओं की सहभागिता, आठ गरबा टीमें, आकर्षक झांकियां और हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा इस वर्ष की चुनरी यात्रा के प्रमुख आकर्षण रहेंगे। माता रानी के जयकारों के बीच निकलने वाली यह यात्रा श्रद्धालुओं की आस्था और सनातन संस्कृति के प्रति समर्पण का संदेश देगी।

झूलेलाल बस्ती में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन संपन्न



सीहोर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की झूलेलाल बस्ती में पथ संचलन का आयोजन उत्साह, अनुशासन एवं राष्ट्रभक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। पथ संचलन का शुभारंभ गीता मानस भवन से हुआ। यहां से स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में कदमताल करते हुए बस्ती की विभिन्न गलियों से निकले। संचलन के दौरान स्वयंसेवकों का अनुशासन, एकरूपता और राष्ट्र के प्रति समर्पण देखने को मिला। पथ संचलन बस्ती के विभिन्न मार्गों से होते हुए निर्धारित क्रम में संपन्न हुआ। पथ संचलन मे जगह जगह नगरजनों द्वारा पुष्पवर्षा करके स्वागत किया गया । कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों में सीहोर नगर संघचालक भारत सोनी, कार्यक्रम अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी एवं धर्मप्रेमी शम्भूदयाल जी सक्सेना तथा मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सीहोर नगर प्रचारक आशीष उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सभी अतिथियों द्वारा शस्त्र पूजन करके किया गया । मुख्य वक्ता आशीष ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक सदैव अपने राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने वाले नागरिक हैं।